श्री अमरेन्द्र प्रसाद सिंह (भा0 प्र0 से0), जिला पदाधिकारी मुंगेर की अध्यक्षता में दिनांक 07.10.2014 को आयोजित कृषि टास्क फोर्स बैठक की कार्यवाहीः—

उपस्थितिः— यथा पंजी में संधारित

दिनांक 07.10.2014 को जिला पदाधिकारी मुंगेर द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में कृषि टास्क फोर्स की बैठक की गयी जिसमें जिला कृषि पदाधिकारी मुंगेर राज्य स्तरीय बैठक हेतु पटना जाने के क्रम में उनका प्रतिनिधित्व परियोजना निदेशक आत्मा मुंगेर द्वारा किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों की निम्न प्रकार समीक्षा की गयी।

1. कृषि

(i) वर्षापात/आच्छादनः— जिला पदाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम कृषि विभाग की समीक्षा करते हुये फसल स्थिति की जानकारी लिए जाने पर परियोजना निदेशक आत्मा द्वारा वताया गया कि माह अक्टुबर में 82.2 मि0मी0 सामान्य वर्षापात के विरूद्ध अभीतक वर्षापात शून्य है किंतु गत माह में समय–समय पर अच्छी वारिस होते रहने से फसल की स्थिति सामान्य है।

(ii) उर्वरक,बीज एवं कीटनाशी :— परियोजना निदेशक आत्मा, द्वारा वताया गया कि बीज एवं कीटनाशी की कमी नही है। उर्वरक विक्रेताओ के यहाँ यूरिया–290.5, डी0ए0पी–615.40, एन0पी0के0–37.00, एवं एम0ओ0पी0–57.00, मै0 टन मात्र उपलब्ध है। अप्रैल 2014 से अक्टुबर 2014 तक यूरिया 8225, डी0ए0पी0–2600, एन0पी0के0–1200, एम0ओ0पी0–625 एवं एस0एस0पी–20 मै0 टन लक्ष्य के विरूद्ध अभीतक क्रमशः–6159.00, 1951.9, 267.5, 593.30, 19.6 मै0 टन उर्वरक प्राप्त हुआ है जिसपर जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा निदेश दिया गया कि उर्वरक विक्रेताओ का जॉच कर मूल्य एवं कालाबाजारी पर रोक लगाया जाय एवं जॉच प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी को समर्पित किया जाय।

(iii) कृषि यांत्रिकरण :— परियोजना निदेशक आत्मा, द्वारा वताया गया कि जिले को वर्ष 2014–15 मे क्रमशः 3838 एवं 238.89 भौतिक और वित्तीय लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसके लिए निदेशानुसार कृषको से ऑन लाईन आवेदन प्राप्त कर स्वीकृत पत्र निर्गत किया जा रहा है। कृषि यांत्रिकरण मेंला दिनांक–16–17.10.2014 को प्रस्तावित है जिसके लिए आवश्यक तैयारी की जा रही है।

(iv) मिट्टी जॉच अभियान :— मिट्टी जॉच अभियान 2014 अर्न्तगत संग्रहित 7016 के विरूद्ध अभीतक–3197 मिट्टी नमूना का विश्लेषण के साथ 3754 नमूना पंजीकृत किया गया है।

(v) डीजल अनुदान :— डीजल अनुदान की समीक्षा में परियोजना निदेशक आत्मा, द्वारा वताया गया कि जिले के विभिन्न प्रखंडो में अभीतक 6640 आवेदन प्राप्त हुआ है जिसमें सदर मुंगेर, बरियारपुर, धरहरा, जमालपुर, ह0 खड़गपुर, असरगंज, तारापुर, एवं संग्रामपुर से क्रमशः 27,225, 1,17,450, 1,01,312, 1,24,750, 2,03,000, 9,075,00, 12,88,600, एवं 9,53,042 लाख रू0 कोषागार से निकासी हुई है जिसमे से सदर मुंगेर, बरियारपुर, धरहरा, जमालपुर, असरगंज, तारापुर एवं ह0 खडगपुर में प्रथम चरण का वितरण कार्य पूर्ण हो गया है और संग्रामपुर में वितरण कार्य अभी नही हुआ है। सदर मुंगेर, धरहरा, ह0 खडगपुर एवं टे0 बम्बर से क्रमशः 29,000, 8,24,187, 7,95,500 एवं 8,49,750 लाख रू0 का डीजल अनुदान का आवेदन प्राप्त हुआ है जिसका सत्यानोपरान्त विपत्र तैयार हो रहा है जिला पदाधिकारी द्वारा निदेश दिया गया कि संग्रामपुर एवं टे0 बम्बर के प्रखंड कृषि

पदाधिकारी को स्पष्टीकरण पूछते हुए डीजल अनुदान का वितरण कार्य शीघ्र पूर्ण करके अधोहस्ताक्षरी को प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाय।

2. **सिचाई एवं नलकूप :–** कार्यपालक अभियंता सिचांई प्रमंडल तारापुर द्वारा बताया गया कि सभी नहरो में अंतिम छोर तक पानी पहुँच गया है। नलकुप की समीक्षा में कार्यपालक अभियंता नलकूप ने बताया गया कि जिले में 26 नलकूप कार्यरत है जिसपर जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि समय–समय पर नहरो के बांध एवं नलकूप की समीक्षा करते हुये प्रतिवेदित करे।
3. **विद्युत :–** कार्यपालक अभियंता विद्युत बैठक में उपस्थित नही हुए जिससे उनके विभाग की समीक्षा की जा सकी।
4. **उद्यान :–** सहायक निदेशक उद्यान के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि सघन बागवानी (आम) एवं राष्ट्रीय बागवानी मिशन के योजनाओ का लक्ष्यानुसार पौध कृषको के बीच वितरण पूर्ण कर दिया गया है जिसपर जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि वर्ष 2013–14 एवं 2014–15 के लक्ष्य एवं लाभुक कृषको की सूची उपलब्ध कराया जाय।
5. **आत्मा :–** परियोजना निदेशक, आत्मा द्वारा बताया गया कि कृषि उत्पादन आयुक्त, बिहार पटना के पत्रांक 806 दिनांक–30.09.2014 द्वारा दिनांक–11.10.2014 को किसान जागरूकता महाभियान–सह–रवी महोत्सव 2014 का शुभारंभ एवं राज्य स्तरीय कर्मशाला का आयोजन के साथ दिनांक–13.10.2014 को जिला स्तरीय कार्यशाला और दिनांक–15 से 22 अक्टुबर 2014 तक प्रखंड स्तरीय रवी महोत्सव प्रथम चरण एवं 5–22 नवम्बर 2014 तक द्वितीय चरण का कार्यक्रम प्रस्तावित है। जिसके लिए आवंटन अभीतक प्राप्त नही हुआ है। पूर्व के कार्यान्वयन अनुदेश के अनुसार जिला कृषि पदाधिकारी एवं सहायक निदेशक उद्यान के यहाँ प्रशिक्षन मद में उपलब्ध राशि भी आवश्यतानुसार उक्त कार्य हेतु व्यय किया जा सकता है जिसपर जिला पदाधिकारी द्वारा प्रशिक्षन मद में उपलब्ध राशि की सूचना अविलम्ब उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

बैंठक में उपस्थित पशुपालन,मत्स्य एवं गंगा पम्प नहर विभाग के प्रतिवेदनो की भी समीक्षा की गई जिन्हे विभागीय निदेशानुसार कार्य करते हुए शत् प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति का निदेश दिया गया।

अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैंठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

विश्वासभाजन

| | | |
|---|---|---|
| जिला कृषि पदाधिकारी<br>–सह–सदस्य सचिव<br>मुंगेर। | उप विकास आयुक्त<br>–सह– उपाध्यक्ष<br>मुंगेर | जिला पदाधिकारी 16.10.14<br>–सह– अध्यक्ष<br>मुंगेर। |

ज्ञापांकः 1388 /कृषि/मुंगेर दिनांक– 17.10.14
प्रतिलिपिः–सभी सदस्यों को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपिः–अनुमंडल पदाधिकारी सदर मुंगेर/तारापुर/ह0 खड़गपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई प्रेषित।

जिला कृषि पदाधिकारी
–सह–सदस्य सचिव
मुंगेर।

ज्ञापांकः 1388 /कृषि/मुंगेर दिनांक– 17.10.14
प्रतिलिपिः– आयुक्त मुंगेर की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

जिला कृषि पदाधिकारी
–सह–सदस्य सचिव
मुंगेर।

ज्ञापांकः 1388 /कृषि/मुंगेर दिनांक– 17.10.14
प्रतिलिपिः–निदेशक पी0पी0एम0/कृषि निदेशक बिहार पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

जिला कृषि पदाधिकारी
–सह–सदस्य सचिव
मुंगेर।

ज्ञापांकः 1388 /कृषि/मुंगेर दिनांक– 17.10.14
प्रतिलिपिः–प्रधान सचिव/कृषि उत्पादन आयुक्त, बिहार पटना की सेवा में सूचनार्थ अग्रसारित।

जिला कृषि पदाधिकारी
–सह–सदस्य सचिव
मुंगेर।